दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

खालसा गर्ल्स कॉलेज मोरिंडा में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया

राष्ट्रीय मतदाता दिवस का दृश्य।

सवेरा न्यूज / अरविंद मोरिंडा : बाबा जोरावर सिंह बाबा फतेह सिंह खालसा गर्ल्स कॉलेज मोरिंडा में प्रिंसिपल डॉ. पुष्पिंदर कौर के कुशल नेतृत्व में राजनीति विज्ञान विभाग, एनएसएस विभाग एवं रेड रिबन क्लब की ओर से राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस मौके राजनीति विज्ञान विभाग के मुखी प्रोफैसर गगनदीप ने विद्यार्थियों के साथ राष्ट्रीय मतदाता दिवस के बारे में जानकारी साझा की। इस अवसर पर कॉलेज की छात्रा मनप्रीत कौर, गगनप्रीत कौर (बीए भाग तृतीय) और जसदीप कौर (बीसीए भाग तृतीय) और रमनदीप कौर (बीसीए भाग द्वितीय) ने डिबेट प्रतियोगिता में भाग लिया. इस प्रतियोगिता में छात्रा रमनदीप कौर (बीसीए भाग द्वितीय) विजेता रही। इस मौके पर प्रिंसिपल डॉ. पुष्पिंदर कौर ने छात्राओं को वोट बनाने और वोट का सही इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।